राजधानी तथा देश के महानगरों के बीच सीधी रेलगाड़ी का शुरू किया जाना

402. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे देश की राजधानी तथा कतिपय महानगरों में सीधी रेलगाड़ी सेवा शुरू करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा यह कार्य कब से प्रारंभ किया जायेगा?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका): (क) और (ख) मामला विचाराधीन है।

पटना तथा गया रेलवे स्टेशनों पर बेची गयी टिकटों का कुल मूल्य

403. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत छः महीनों में पटना और गया रेलवे स्टेशनों से दिल्ली और हावड़ा के लिए राजधानी एक्सप्रेस में कुल कितनी राशि की टिकटों की बिक्री हुई है; और

(ख) क्या सरकार गया और पटना से दिल्ली तथा हावड़ा रेलवे स्टेशनों के लिए राजधानी एक्सप्रेस में चेयर कार कुर्सियों और शायिकाओं (बर्थों) का कोटा बढ़ाने का विचार रखती है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका): (क) जुलाई, 1993 से दिसम्बर, 1993 तक पिछले छः महीनों के दौरान पटना और गया रेलवे स्टेशनों पर दिल्ली और हावड़ा के लिए राजधानी एक्सप्रेस गाड़ियों के लिए बेचे गये टिकटों का कुल मूल्य लगभग 55.70 लाख रुपये था।

(ख) जी नहीं, फिलहाल नहीं।

रेलवे स्टेशनों पर आधारभूत सुविधाओं का अभाव

404. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम रेलवे के अंतर्गत गुजरात के उन रेलवे स्टेशनों का ब्यौरा क्या है जहां प्रतीक्षालय, भोजनालय, पेयजल, शौचालय, आराम गृह और प्लेटफार्म पर छत जैसी सुविधाओं का अभाव है;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में अभी तक कोई सर्वेक्षण कराया है तथा रेलवे सलाहकार समिति द्वारा दिये गये सुझावों और पेश की गई मांगों की संख्या कितनी है तथा इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है;

(ग) क्या चालू रेल बजट परिव्यय के अंतर्गत उक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने से संबंधित कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(घ) क्या यह सच है कि सरकार ने गुजरात के लिए चालू रेल बजट में रेल यात्रियों को सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु धनराशि का उचित आवंटन नहीं किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका): (क) से (ग) स्टेशनों पर सम्हाले जा रहे यात्री यातायात की मात्रा के आधार पर मानदण्डों के अनुसार सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। यातायात की मात्रा में बढ़ोत्तरी के कारण उत्पन्न कमियों का पता लगाने के लिए आवधिक सर्वेक्षण किए जाते हैं और उन्हें चरणबद्ध आधार पर दूर करने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाते हैं, बशर्ते कि धन उपलब्ध हो। प्रस्ताव तैयार करते समय विभिन्न निकायों से प्राप्त सुझावों पर विचार किया जाता है। चालू वर्ष के दौरान भी गुजरात राज्य में स्टेशनों के लिए तदनुसार आवश्यक प्रस्ताव शामिल किए गए हैं।

(घ) जी नहीं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

Exploitation of Land in Bangalore Cantonment Railway Station

405. SHRI J.P. JAVALI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a decision to commercially exploit the land in and around Bangalore Cantonment Railway Station, by disposing off the same to private developers, has been taken;

(b) if so, what are the details of the extent of the land for sale and the estimated amount Railways would release therefrom;

(c) whether a policy decision has been taken to dispose of all the surplus railway